25/10/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज एम्स रायपुर के दीक्षांत समारोह में भाग लेते हुए दूरदराज के इलाकों में लोगों की मदद के लिए आधुनिक चिकित्सा तकनीकों का उपयोग करने पर जोर दिया साथ ही मेडिकल छात्रों से वंचितों की सेवा को प्राथमिकता देने का आग्रह भी किया। उन्होंने भारत में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने के लिए पिछले एक दशक के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। राष्ट्रपति दो दिवसीय दौरे पर रायपुर पहुंची, जहां वह एनआईटी रायपुर के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी और 70 लाख महिलाओं के लिए 9वीं महतारी वंदन योजना की किस्त का शुभारंभ करेंगी, जिसमें आदिवासी समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत की योजना भी बनाई गई है। राष्ट्रपति कल आईआईटी और स्वास्थ्य विज्ञान और आयुष विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी।

0000000000000000000000

केंद्र सरकार ने वायु प्रदूषण के मद्देनजर राज्यों से इस मामले में अपनी तैयारियां बढ़ाने को कहा है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल ने वायु प्रदूषण की तैयारियों के बारे में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य विभागों को पत्र लिखा है, जिसमें बताया गया है कि वायु प्रदूषण किस तरह से सांस लेने में तकलीफ, हृदय और मस्तिष्क संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि इसका बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों जैसे कमजोर समूहों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

इसके अलावा, डॉ. गोयल ने राज्यों से अपनी स्थानीय भाषाओं में जन जागरूकता अभियान तेज करने, स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करने और प्रदूषण से होने वाली बीमारियों पर कड़ी निगरानी रखने का आह्वान किया।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कल तेजू स्थित इंदिरा गांधी गवर्मेंट कॉलेज- आईजीजीसी में पैंतीसवें एनुअल कॉलेज डे और नए कोमर्स ब्लॉक का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मेन ने वर्ष उन्नीस सौ छियासी से हुई इस कॉलेज के विकास की प्रशंसा की, जिसकी शुरुवात केवल उनसठ छात्रों से हुआ था और अब 3,000 से अधिक छात्र यहां से अपनी पढाई पुरी कर रहे हैं। तेजू को अरुणाचल प्रदेश में एक एजुकेशनल हब बताते हुए उपमुख्यमंत्री ने राज्य के युवाओं को सशक्त बनाने में कॉलेज की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस बीच, कॉलेज के सफल छात्रों को सम्मानित करते हुए, श्री मेन ने युवाओं से कड़ी मेहनत करने और भविष्य के लिए तैयार होने को प्रोत्साहित किया। उपमुख्यमंत्री ने शिक्षा पर सरकार के फोकस पर जानकारी देते हुए 2024 को युवा वर्ष घोषित किया और आईजीजीसी की सुविधाओं के विस्तार की योजनाओं की घोषणा भी की। इसके अलावा कृषि, पर्यटन और खेल जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए सरकार के प्रयासों पर भी चर्चा करते हुए नामसाई और पासीघाट में नए मेडिकल कॉलेजों की योजनाओं की घोषणा की।

0000000000000000000000

बासठवें वालोंग दिवस समारोह के तहत भारतीय सेना ने राज्य सरकार और नीपको के सहयोग से तीन दिवसीय साइकिलिंग एक्सपेडिशन का आयोजन किया जिसका समापन गत गुरूवार को हुआ। इस अभियान को गत 21 अक्टूबर को उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने गोल्डन पगोडा, नामसाई से हरी झंडी दिखाई। टीम में भारतीय सेना, पुणे के 62 साइकिल चालक और स्थानीय लोग शामिल हुए। चालक दल ने कामलांग नगर टाइगर रिजर्व, वाकरो और परशुराम कुंड जैसी जगहों से गुजरते हुए 251 किलोमीटर की दूरी तय की। रास्ते में, उन्होंने हायुलियांग में स्थानीय समुदाय के साथ बातचीत करते हुए स्वास्थ्य, और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा दिया। साइकिल एक्सपेडिशन लोहित नदी के किनारे और वालोंग गाँव से होते हुए अंजाव जिले के नामती में समाप्त हुए।

0000000000000000000000

तवांग मैराथन 2024 का दूसरा संस्करण गत गुरुवार को ग्यालवा त्सांगयांग ग्यात्सो हाई एल्टीट्यूड स्टेडियम तवांग में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन और भारतीय सेना ने संयुक्त रूप से किया और इवेंट मैनेजर CYRUNS ने कार्यक्रम का मैनजमेंट संभाला। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू, केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान, खेल मंत्री केंतो जिनी, कई विधायक और सेना के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। मैराथन में देश भर से कुल 4,400 और अन्य देशों से 11 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

0000000000000000000000

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को भारत का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक ट्वीट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ से परामर्श के बाद 11 नवंबर से न्यायमूर्ति खन्ना को भारत का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। न्यायमूर्ति खन्ना अभी उच्चतम न्यायालय में दूसरे वरिष्ठतम न्यायाधीश हैं। वे भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश बनेंगे। न्यायमूर्ति खन्ना 13 मई 2025 को सेवानिवृत्त होंगे। भारत के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ अगले महीने 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे।

00000000000000000000000

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज कहा है कि भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा के समीप कुछ क्षेत्रों में विवादों के समाधान के लिए भारत और चीन राजनयिक और सैनिक दोनों स्तरों पर बातचीत कर रहे हैं। नई दिल्ली चाणक्य संवाद-2024 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत के बाद बराबरी और आपसी सुरक्षा के सिद्धांतों पर आधारित जमीनी स्थिति को बहाल करने के बारे में आमतौर पर सहमति बन गई है। रक्षामंत्री ने कहा कि विकास और सुरक्षा के बारे में भारत का एक अपना दृष्टिकोण है, जिसमें रक्षा के क्षेत्र में देश को एक प्रमुख राष्ट्रीय लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसने भारत के रक्षा क्षेत्र को एक आत्मनिर्भर बना दिया है।

00000000000000000000000

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने खेल पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। खेल में उत्कृष्टता को पहचानने और पुरस्कृत करने के लिए प्रत्येक वर्ष खेल पुरस्कार दिए जाते हैं। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार किसी खिलाड़ी को खेल के क्षेत्र में शानदार और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। अर्जुन पुरस्कार किसी खिलाड़ी के लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। पुरस्कारों के लिए पात्र खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और संस्थाओं के आवेदन 14 नवंबर तक ऑनलाइन पोर्टल **dbtyas-sports.gov.in** पर जमा करने होंगे।

0000000000000000000000